शाहजहाँपुर पुलिस

112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट दि0- 19.08.24

जनपद एसओजी / सर्विलांस तथा थाना रोजा पुलिस द्वारा लूट/ चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण को मय माल के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्री संजय कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर श्री बी.एस.वीर कुमार के कुशल प्रयवेक्षण मे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे एसओजी / सर्विलांस तथा थाना रोजा की पुलिस टीम द्वारा को बडी सफलता प्राप्त हुई दिनांक 10/08/2024 की रात्रि करीब 02.00 बजे ग्राम पिपरिया मे हुई लूट की घटना के संबध मे अभियुक्तगण जुनैद पुत्र मकसूद तथा फईम पुत्र नसीम नि0गण मो0 लोधीपुर थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर को आज दिनांक 19.08.2024 की रात्रि कैलाश नगर कालोनी फ्लाई ओवर की तरफ से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगणो की निशानदेही पर मु0 अ0 सं0 480/24 धारा 127(2)/309(4)/331(4)/351(3) बीएनएस 2023 का शेष माल जेवरात अण्डर पास पुल के नीचे जमीन से निकालकर बरामद कराया गया। इसके अतिरिक्त अभियुक्तगणों द्वारा दिनांक 12.08.2024 को थाना मोहम्मदी क्षेत्र में की गयी चोरी का भी माल जेवरात बरामद कराया गया ।अभियुक्तगण के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त : -

1. जुनैद पुत्र मकसूद निवासी मो0 लोधीपुर थाना रौजा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 23 वर्ष।
2. फईम पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला लोधीपुर थाना रौजा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 42 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग : -

1. 480/24 धारा 127(2)/309(4)/331(4)/351(3)/317(2) BNS थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर
2. 517/2024 धारा 305 BNS थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी।

बरामदगी : -

1.एक मोबाइल की-पैड रंग काला हीरो कम्पनी
2. एक एन्ड्राइड मोबाइल फिरोजी रंग कम्पनी टेक्नो
3. दो जोड़ी झाले पीली धातु
4. एक अगूठी पीली धातु,
5. दो जोडी पायल सफेद धातु,
6.एक बड़ा हार पीली धातु
7. एक हार मय 01 जोडी झाले पीली धातु
8. अगुठी पीली धातु 05
9 चूडी पीली धातु 02
10. एक पतली चैन मय मुंगा सहित पीली धातु
11. एक मंगलसूत्र पीली धातु

12.एक कमरबन्द सफेद धातु

13 दो जौडी पायल सफेद धातु

कुल – पीली धातु जैवरात 12 तोले तथा चांदी 400 ग्राम (कुल अनुमांनित कीमत - 12 लाख रूपये)

गिरफ्तार पूछताछ :-

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब हम दोनो लोगो ने मुजम्मिल के साथ मिलकर ग्राम पिपरिया दिनाँक 10/11-08-24 की रात मे पहले नहर की तरफ एक मकान मे घुसने की कोशिश की थी तभी वहाँ जाग हो गयी थी उसके बाद हम लोग गांव से पहले सडक के किनारे अकेला मकान देखकर उस मकान मे चोरी करने के लिए घुसे थे कि मकान मालिक परिवार सहित जाग गये थे जिन्हे मुजम्मिल ने चाकू दिखाकर डराया और उसके मकान मालिक को लिटाकर पीछे हाथ बांध दिये तथा फिर हम लोगो ने मकान और कमरे का ताला तोडकर व कमरे मे रखे बक्से का ताला तोडकर 04 जोडी पायल,01 हथफूल,01 मांगबेदी,01 अगुठी,02 जोडी झाले व 5000/- रुपये चोरी किये थे जिसमे से 02 जोडी पायल,01 मांगबेदी,01,हथफुल व 4000/- रुपये मुजम्मिल को दे दिये थे,हम दोनो लोगो के पास 02 जोडी झाले,02 जोडी पायल,01 अगुठी व 1000/- रुपये बटवारे मे मिले थे,साहब मुजम्मिल अक्सर हम लोगो को भावलखेड़ा शराब के ठेके पर मिला करता था,और हम तीनो लोग मिलकर साथ साथ शराब पीते थे लेकिन हम लोगो ने मुजम्मिल को अपना सही नाम ना बताकर नन्हे व साजिद बता रखा था, हम लोग ना तो मुजम्मिल का घर व पता जानते है तथा ना ही मुजम्मिल हम लोगो का असली नाम,घर व पता जानता है । पिपरिया मे चोरी करने के बाद हम दोनो लोग मोहम्मदी की तरफ चले गए थे तथा अगली रात हम दोनो ने मोहम्मदी में एसबीआई बैंक के पास एक बंद पडे घर में चोरी की थी । जिसमें सबसे ज्यादा सोने व चांदी का जेवरात मिला था जो हमने ग्राम पिपरिया में लूट के माल के साथ ही कैलास नगर ब्रिज के नीचे दबा दिया था । मोहम्मदी वाले घर की चोरी में कोई कैस नहीं था केवल सोना चांदी ही हमारे हाथ लगा था ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

एस0ओ0जी0 टीम

1. **प्रभारी निरीक्षक रितेन्द्र प्रताप सिंह**
2. हे0का0 सुशील शर्मा एस0ओ0जी0
3. हे0का0खालिद हुसैन एस0ओ0जी0
4. हे0का दिलीप कुमार एस0ओ0जी0
5. हे0का0 तौसीफ हैदर एस0ओ0जी0
6. हे0का0 रामसंजीवन एस0ओ0जी0
7. हे0का0विपिन कुमार एस0ओ0जी0
8. का0 कमल एस0ओ0जी0

सर्विलांस टीम

1. का0 प्रभात चौधरी सर्विलांस सैल
2. का0 शिवम कुमार सर्विलांस सैल
3. का0 मुकुल खोखर सर्विलांस सैल

पुलिस टीम थाना रोजा

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार

2. उ0नि0 वेदपाल सिंह पुण्डीर

3. उ0नि0 राजेश कुमार कुमार

4. का0 2123 राजेश कुमार

8. का0 2227 अरूण कुमार